सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## दशम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 19 कार्तिक, 1945 (श०) / 10 नवम्बर, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 10

| | | |
|---|---|---|
| (1) | स्वास्थ्य विभाग .. .. .. .. | 06 |
| (2) | ऊर्जा विभाग .. .. .. .. | 02 |
| (3) | विधि विभाग .. .. .. .. | 01 |
| (4) | योजना एवं विकास विभाग .. .. .. .. | 01 |
| | कुल योग -- | 10 |

ऑक्सीजन प्लांट को चालू करना

24. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "6 लाख के लिए 3 प्लांट बन्द, जबकि 9 माह में 56.43 लाख के ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदे" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोना काल में डीएमसीएच में स्थापित 4 ऑक्सीजन प्लांट में से 3 प्लांट 9 माह से खराब एवं बन्द है जिसे चालू करने हेतु छः लाख रूपये की जरूरत है इसकी जिम्मेवारी बीएमएसआईसीएल की है लेकिन डीएमसीएच प्रशासन के द्वारा सूचना दिए जाने पर भी वे इसे चालू नहीं करवा रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डीएमसीएच द्वारा प्रतिमाह 6,27,000 रू० की ऑक्सीजन खरीद की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्ष में 72,00,000 रूपये का व्यय रोकने हेतु उक्त ऑक्सीजन प्लांट को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दवा उपलब्ध कराना

25. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार दिनांक 02 सितम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "मरीजों तक नहीं पहुंच रही 611 तरह की दवाएं" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में रोगियों के संक्रमण रोग, कैंसर, किडनी एवं अन्य बीमारियों के इलाज हेतु 387 से बढ़ाकर 611 तरह की दवाएं सभी अस्पतालों में मुफ्त बांटने की योजना सरकार द्वारा फरवरी, 2022 से लागू किया गया है, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी सभी सरकारी अस्पतालों में 300 से कम दवा उपलब्ध है, यदि हां, तो सरकार द्वारा इलाज के लिए घोषित 611 तरह की दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

--------

बिजली की सुविधा उपलब्ध कराना

26. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाउन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "राज्य में हर रोज मिल रही बिजली आपूर्ति से जुड़ी 6 हजार शिकायतें" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के बिजली उपभोक्ताओं में गलत बिलिंग, मीटर की खराबी, ट्रांसफॉर्मर खराबी, वोल्टेज में उतार-चढ़ाव सहित अन्य बिजली से जुड़ी छह हजार शिकायतें प्रतिदिन बिजली कंपनियों को मिल रही है लेकिन समय पर उक्त समस्याओं के निष्पादन नहीं होने के कारण बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को उक्त समस्या से निजात दिलाते हुए ससमय बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी0जी0 छात्रों का स्टाईपेंड बढ़ाना

27. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में पी0जी0 की पढ़ाई कर रहे छात्रों का स्टाईपेंड वर्ष 2019 में संशोधन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक 3 वर्षों पर स्टाईपेंड को दोहराने का सरकार का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्टाईपेंड के लिए पी0जी0 के छात्रों ने स्वास्थ्य विभाग से अपनी माँगों को वर्ष 2022 से ही रखते हुए आ रहे हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पी0जी0 छात्रों का स्टाईपेंड बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टरों की नियुक्ति

28. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0 जा0))--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र दिनांक 13 सितम्बर, 2023 को प्रकाशित खबर के शीर्षक ''बिहार में 22 हजार आबादी पर एक डॉक्टर'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में जनसंख्या चिकित्सक अनुपात में बड़ा गैप है, राज्य में 22 हजार की आबादी पर एक डॉक्टर है जबकि प्रति हजार की आबादी पर एक डॉक्टर होने चाहिए ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्थायी चिकित्सक के कुल 12,895 पद स्वीकृत है जिसमें से मात्र 6330 पदों पर ही चिकित्सक कार्यरत हैं, जबकि राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हर साल 2640 चिकित्सक प्रशिक्षण लेकर निकलते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

29. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''ग्रामीण इलाकों में बिजली का संकट'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में केन्द्रीय सेक्टर से ऊर्जा की आपूर्ति काफी कम होने के कारण राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दर्जन से अधिक ग्रिड को लोड शेडिंग में रखना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में स्थापित केन्द्रीय क्षेत्र के नवीनगर, बाढ़, काहलगाँव एवं बरौनी से राज्य को बार-बार 2000 मेगावाट कम बिजली की आपूर्ति की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार केन्द्रीय क्षेत्र की बिजली परियोजनाओं से करार के अनुरूप बिजली प्राप्त करने के लिए कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों की नियुक्ति

30. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''3270 आयुष चिकित्सकों को है तीन वर्षों से नौकरी का इंतजार'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अगस्त, 2020 ई0 में 3270 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया था, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति अभी तक नहीं होने से चिकित्सकों में असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चयनित 3270 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

31. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना में गरीब मरीजों के इलाज हेतु बिहार सरकार की ओर से 75 बेड रिजर्व रखा गया है, जहाँ सभी मेडिकल कॉलेज उक्त अस्पताल में रोगी भेजने के लिए अधिकृत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना में गरीब रोगियों का इलाज होता है परंतु बाईपास सर्जरी जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा की व्यवस्था नहीं है और यह अस्पताल मेदांता में रोगी भेजने हेतु अधिकृत भी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान को मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अपने रोगियों को भेजने के लिए अधिकृत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्तियां करना

32. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015 में राज्य के सभी जिलों में लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता, सहायक लोक अभियोजक, विशेष अभियोजक एवं सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त नियुक्तियां मात्र 3 वर्षों के लिए ही हुई थी लेकिन आठ वर्षों के बाद भी ये कार्यरत हैं जबकि सभी जिलों में उक्त पदों के लिए नई नियुक्तियों की सूची विभाग को उपलब्ध करा दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पदों पर कबतक नई नियुक्तियां कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शमशान घेराबंदी योजना

33. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 2905, दिनांक 11 जुलाई, 2014 द्वारा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की संशोधित मार्गदर्शिका 2014 में समय-समय पर नई योजनाओं को योजना सूची में सम्मिलित किया जाता है किन्तु उक्त मार्गदर्शिका में शमशान घेराबंदी योजना सम्मिलित नहीं है तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बिहार विधान मंडल के सदस्यों से शमशान घेराबंदी योजना का प्राय: डिमांड भी रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मार्गदर्शिका में संशोधन कर शमशान घेराबंदी योजना को कबतक सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 10 नवम्बर, 2023 (ई0) ।

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0, 60(एल0ए0), 2023-24-डी0टी0पी0-550